दिनांक : 01.03.2025 समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर एक दिवसीय पोस्ट-बजट वेबिनार को वर्चुअली संबोधित करेंगे।
- प्रदेश में 26 सौ रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर होगी गेहूं की खरीदी।
- उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा समुदाय के हितों के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबंध है सरकार।
- 3 मार्च से भोपाल में होगा नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन।

प्रधानमंत्री कृषि सेमीनार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर एक दिवसीय पोस्ट-बजट वेबिनार को वर्चुअली संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में सभी केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। वेबिनार का उद्देश्य हितधारकों को एक केंद्रित चर्चा में शामिल करना और 2025 के बजट घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की रणनीति बनाना है। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी कार्यक्रम के दौरान अपने विचार रखेंगे। वहीं कल नई दिल्ली के सुंदर नर्सरी में आयोजित जहान-ए-खुसरो सूफी संगीत समारोह में श्री मोदी ने कहा कि किसी भी देश की संस्कृति और सभ्यता उसके गीतों और संगीत से समृद्ध होती है।

प्रधानमंत्री ने कुछ दिनों में शुरू होने वाले रमजान के अवसर पर पूरे देशवासियों को शुभकामनाएं भी दीं। इस महोत्सव में अमीर खुसरो की विरासत का जश्न मनाने के लिए दुनिया भर के कलाकार एक मंच पर आये हैं।

पूल/पूजापीवर्धन/संजीव/दीपा/आमिर/144/12

गृह मंत्री रोहिंग्या

गृह मंत्री अमित शाह ने भारत में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के प्रवेश और उनके ठहरने को सुविधा प्रदान करने वाले पूरे नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। श्री शाह ने कल नई दिल्ली में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अलावा पुलिस आयुक्त और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अवैध घुसपैठियों का मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

गेहूं समर्थन मूल्य

राज्य सरकार ने किसानों की मांग पर पूरे प्रदेश में एक साथ 15 मार्च से गेहूं खरीदी का निर्णय लिया है। प्रदेश में लगभग 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन अनुमानित है। केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 150 प्रति क्विंटल की वृद्धि करते हुए 2 हजार 425 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। जबकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रुपये के अतिरिक्त 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा की गई है। इस तरह राज्य के किसानों से 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जायेगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त कॉन्फ्रेंस

विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं कॉन्फ्रेंस सिवनी जिले के पेंच राष्ट्रीय उद्यान में आज से 4 मार्च तक आयोजित की जा रही है। इस कॉन्फ्रेंस में 22 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस में राज्य निर्वाचन आयुक्त स्थानीय निकायों के निर्वाचन के दौरान आई चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। साथ ही नवाचारों और सुधारों से भी अवगत करायेंगे।

चिकित्सा कर्मी मांग

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चिकित्सकीय समुदाय के हितों के संरक्षण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उनकी सुविधाओं एवं हितों की रक्षा हेतु आवश्यक प्रावधान किए जा रहे हैं।  भोपाल में चिकित्सा महासंघ के प्रतिनिधियों से मुलाकात में श्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा कार्मिकों की सेवा संबंधी विषयों और अन्य समस्याओं के समाधान के लिये उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति नियमित रूप से बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण और चिकित्सकीय कार्मिकों के हित संरक्षण से संबंधित विषयों पर चर्चा करेगी। इस अवसर पर चिकित्सा महासंघ के मुख्य संयोजक डॉ. राकेश मालवीय सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इंदौर बीआरटीएस

हाईकोर्ट के आदेश के बाद इंदौर में नगर निगम ने बीआरटीएस हटाना शुरू कर दिया है। सबसे पहले जीपीओ चौराहा और शिवाजी वाटिका चौराहा से रैलिंग हटाई जा रही है गी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि काम पूरा होने में तीन से चार महीने का समय लग सकता है । इसके लिए नगर निगम मद से खर्च किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में 15 मार्च के बाद हीट वेव यानी, गर्म हवाएं चलने लगेगी। वहीं, दिन-रात का तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री ज्यादा रहेगा। इस दौरान ग्वालियर-चंबल सबसे गर्म रहेंगे। मौसम विभाग ने मार्च से मई तक 15 से 20 दिन तक हीट वेव चलने का अनुमान जताया है। हालांकि, अप्रैल-मई में हीट वेव का असर ज्यादा हो सकता है। होली के बाद दिन के पारे में और भी बढ़ोतरी हो सकती है। ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और इंदौर संभाग के जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है।

न्यूज डेस्क/पूजापीवर्धन/संजीव/दीपा/आमिर/91/07

नेशनल रोइंग चैंपियनशिप

42वीं नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी, बोट क्लब पर 3 मार्च से 7 मार्च तक होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी रोइंग, क्याकिंग-केनोइंग, सेलिंग और स्लालम खेलों की विशेष प्रस्तुति देंगे। चैंपियनशिप में 25 राज्यों से लगभग 500 प्रतिभागी भाग लेंगे। जिसमें रोइंग के कुल 14 इवेंट होंगे। यह चैंपियनशिप देश के शीर्ष रोवर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ......1

- भोपाल से जबलपुर के लिए आज से हवाई कनेक्टिविटी मिलने जा रही है। भोपाल से जबलपुर इंडिगो की यह फ्लाइट हफ्ते में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होगी।
- इंदौर के बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के लिए 3 मार्च को ढक्कनवाला कुआं स्थित ग्रामीण हाट बाजार में विशाल रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।
- मंदसौर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कल स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से जिला न्यायालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।
- धार जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुक्षी में कक्षा 6 वीं की 60 सीटों पर अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए 30 मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।
- पन्ना में राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा।

- सतना में राज्य स्तरीय खादी उत्सव 2025 के तहत खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योग सामग्री की प्रदर्शनी एवं विक्रय का शुभारंभ कल चित्रकूट में किया गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ......2

- डिंडोरी में कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग की बैठक ली। उन्होंने जिले के सभी सिंचाई जल स्त्रोत, स्टॉप डेम, नहर, बडे बांधों में पानी की उपलब्धता की जानकारी ली।
- आगरमालवा जिले के ग्राम चाचाखेड़ी में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि किसान कृषि कार्य के साथ-साथ मधुमक्खी पालन कर अपनी आय का बढ़ा सकते हैं ।
- अमरकंटक स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय में विज्ञान दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में नीति आयोग के सदस्य और वैज्ञानिक डॉ विजय कुमार सारस्वत मौजूद थे।
- गुना कलेक्टर ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि अनजान नंबरों से आने वाली स्पैम कॉल्स को न उठाएं और किसी भी संदिग्ध कॉल पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर एक दिवसीय पोस्ट.बजट वेबिनार को वर्चुअली संबोधित करेंगे।
- प्रदेश में 26 सौ रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर होगी गेहूं की खरीदी।
- उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा समुदाय के हितों के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबंध है सरकार।
- 3 मार्च से भोपाल में होगा नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन।

-------

न्यूज फॉर हिन्दी वैब .

1 गेहूं समर्थन मूल्य

राज्य सरकार ने किसानों की मांग पर पूरे प्रदेश में एक साथ 15 मार्च से गेहूं खरीदी का निर्णय लिया है। प्रदेश में लगभग 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन अनुमानित है। केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 150 प्रति क्विंटल की वृद्धि करते हुए 2 हजार

425 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। जबकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रुपये के अतिरिक्त 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा की गई है। इस तरह राज्य के किसानों से 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जायेगी।

2 राज्य निर्वाचन आयुक्त कॉन्फ्रेंस

विभिन्न राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों की 31वीं कॉन्फ्रेंस सिवनी जिले के पेंच राष्ट्रीय उद्यान में आज से 4 मार्च तक आयोजित की जा रही है। इस कॉन्फ्रेंस में 22 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस में राज्य निर्वाचन आयुक्त स्थानीय निकायों के निर्वाचन के दौरान आई चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। साथ ही नवाचारों और सुधारों से भी अवगत करायेंगे।

3 चिकित्सा कर्मी मांग

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चिकित्सकीय समुदाय के हितों के संरक्षण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उनकी सुविधाओं एवं हितों की रक्षा हेतु आवश्यक प्रावधान किए जा रहे हैं। भोपाल में चिकित्सा महासंघ के प्रतिनिधियों से मुलाकात में श्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा कार्मिकों की सेवा संबंधी विषयों और अन्य समस्याओं के समाधान के लिये उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति नियमित रूप से बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण और चिकित्सकीय कार्मिकों के हित संरक्षण से संबंधित विषयों पर चर्चा करेगी। इस अवसर पर चिकित्सा महासंघ के मुख्य संयोजक डॉ. राकेश मालवीय सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

4 इंदौर बीआरटीएस

हाईकोर्ट के आदेश के बाद इंदौर में नगर निगम ने बीआरटीएस हटाना शुरू कर दिया है। सबसे पहले जीपीओ चौराहा और शिवाजी वाटिका चौराहा से रैलिंग हटाई जा रही है गी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि काम पूरा होने में तीन से चार महीने का समय लग सकता है । इसके लिए नगर निगम मद से खर्च किया जाएगा।

5 मौसम

प्रदेश में 15 मार्च के बाद हीट वेव यानी, गर्म हवाएं चलने लगेगी। वहीं, दिन-रात का तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री ज्यादा रहेगा। इस दौरान ग्वालियर-चंबल सबसे गर्म रहेंगे। मौसम विभाग ने मार्च से मई तक 15 से 20 दिन तक हीट वेव चलने का अनुमान जताया है। हालांकि, अप्रैल-मई में हीट वेव का असर ज्यादा हो सकता है। होली के बाद दिन के पारे में और भी बढ़ोतरी हो सकती है। ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और इंदौर संभाग के जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है।

6 नेशनल रोइंग चैंपियनशिप

42वीं नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी, बोट क्लब पर 3 मार्च से 7 मार्च तक होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी रोइंग, क्याकिंग-केनोइंग, सेलिंग और स्लालम खेलों की विशेष प्रस्तुति देंगे। चैंपियनशिप में 25 राज्यों से लगभग 500 प्रतिभागी भाग लेंगे। जिसमें रोइंग के कुल 14 इवेंट होंगे। यह चैंपियनशिप देश के शीर्ष रोवर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी।

..................